# हिन्दी अकादमी, दिल्ली

(राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार)

# हिन्दुस्तानी भाषा अकादमी

( भारतीय भाषाओं के प्रचार-प्रसार और संवर्धन को समर्पित संस्था )

**के संयुक्त तत्त्वावधान में विद्यालय स्तर के छात्रों के लिए दो दिवसीय**



## बाल नाट्य उत्सव

# कलरव

हेतु प्रविष्टियाँ आमंत्रित हैं।

**अन्तिम तिथि : 30 सितम्बर, 2024**

**पुरस्कार**

प्रथम - 11000/-
द्वितीय - 7,500/-
तृतीय - 5100/-
सांत्वना (2) - 2500/-

1. यह योजना केवल दिल्ली प्रदेश के विद्यालयों के 9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं के छात्रों के लिए है।
2. इस योजना का उद्देश्य रंगमंच में रुचि रखने वाले छात्रों की प्रतिभा को मंच प्रदान करना और उनके अभिनय कौशल को विस्तार देना है।
3. एक विद्यालय से केवल एक प्रविष्टि स्वीकार की जाएगी जिसमें अधिकतम 12 छात्रों की सहभागिता हो सकती है।
4. नाटक की भाषा हिंदी और अधिकतम अवधि 15 मिनट होगी ।
5. योजनानुसार चयन समिति द्वारा कुल 30 टीमों का चयन किया जायेगा और चयनित प्रत्येक टीम को परिवहन व्यय के रूप में कुल 3000/– रुपए दिए जायेंगे।
6. नाटक किसी सामाजिक मुद्दे पर केंद्रित होगा, जिसका विषय व शीर्षक प्रविष्टि भेजते समय वर्णित करना होगा। धार्मिक और राजनैतिक विवादित टिप्पणियों पर केंद्रित नाटकों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
7. चयन समिति द्वारा नाटकों का चयन विषयवस्तु एवं गुणवत्ता के आधार पर किया जायेगा। आवश्यकतानुसार बाद में विद्यालयों से 3 मिनट की वीडियो क्लिप भी मंगाई जा सकती है।
8. प्रविष्टि विद्यालय के लेटर हेड पर प्रिंसिपल द्वारा सत्यापित एवं विद्यालय की अधिकृत ईमेल से भेजी जाए, जिसमें विद्यालय का नाम, पता, ईमेल, दूरभाष, टीम में छात्रों की कुल संख्या, दो शिक्षकों के नाम व उनके मोबाइल नं. तथा नाटक का शीर्षक तथा विषय दिया गया हो।
9. चयन समिति एवं निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।
10. प्रविष्टियाँ भेजने के लिए ई–मेल: **hindustanibhashaakadami@gmail.com**

JINDAL # 87 504 000 10

**आयोजन तिथि एवं स्थानः**

**14 - 15 अक्टूबर, 2024**

**लिटल थिएटर ग्रुप ( एलटीजी) सभागार,**
**कॉपरनिक्स मार्ग, मंडी हाऊस,**
**नई दिल्ली – 110001**

अध्यक्ष
हिन्दुस्तानी भाषा अकादमी

उपसचिव
हिन्दी अकादमी, दिल्ली

सम्पर्क सूत्र : 9873556781, 9968097816